# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th

aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 8

Chapter Name : शाम-एक किसान

Q1 इस कविता में शाम की सूरज की दृश्य को किसान के रूप में दिखाया गया है- यह एक रूपक है ।इसे बनाने के लिए पांच एकरूपता की जोड़ी बनाई गई है। उन्हें उपमा कहते हैं। पहली एकरूपता आकाश और साफे में दिखाते हुए कविता ‘ आकाश का साफा’ वाक्यांश आया है इसी तरह तीसरी आप एकरूपता नदी और चादर दिखाई गई है , मानो नदी चादर- सी हो ।अब आप जो दूसरी चौथी और पाँचवीं एकरूपता को खोजकर लिखिए।

Answer.

दूसरी एकरूपता- सूरज की चिलम

चौथी एकरूपता- पलाश के जंगल की अँगीठी

पाँचवीं एकरूपता- अंधकार भेड़ो के गल्ले - सा

Page : 64 Block Name : कविता से ।

Q2. शाम का दृश्य अपने घर के छत या खिड़कियां देखकर बताइए-

(क) शाम कब से शुरू हुई?

Answer.

पश्चिम में जब सूरज डूबना शुरू हुआ तब से शाम शुरु हुई।

(ख )तब से लेकर सूरज डूबने में कितना समय लगा?

Answer.

सूरज को डूबने में लगभग एक से डेढ़ घंटे का समय लगा।

(ग)इस बीच आसमान में क्या-क्या परिवर्तन आए ?

Answer.

इस बीच आसमान सफेद से लाल, लाल से पीला फिर सलेटी और सलेटी से धीरे -धीरे काला हो गया।चारों आर अंधेरा छा गया और रात में बदल गया।

Page : 64 Block Name : कविता से ।

aglasem.com

Q3 मोर के बोलने पर कवि को लगा जैसे किसी ने कहा हो- ‘ सुनते हो’ नीचे दिए गए पक्षियों के बोली सुनकर उन्हें भी एक या दो शब्द में बांधिए ।

कबुतर कौआ मैना

तोता चील हंस

Answer. कबूतर-संदेश लेकर आता है।

कौवा- सुनते हो ,घर में मेहमान आने वाले है।

मैना - सुंदर गीत सुनाती है।

तोता- राम। राम। भाई।

चील - अरे, वह देखो नीचे क्या पड़ा है।

हंस -मेरी तरह शांत और स्वच्छ रहो।

Page : 65 Block Name : कविता से

कविता से आगे

Q1. . इस कविता को चित्रित करने के लिए किन- किन रंगों का प्रयोग करना होगा ?

Answer : इस कविता को चित्रित करने के लिए हमें पीला,, भूरा, लाल, सफेद ,काला, हरा आदि अनेक रंगों का प्रयोग करना होगा ।

Page : 65 Block Name : कविता से आगे

Q2 शाम के समय ये क्या करते हैं? पता लगाइए और लिखिए।

पक्षी,खिलाड़ी, फल वाले, माँ, पेड़-पौधे, पिता जी ,किसान, बच्चे

Answer.

1) पक्षी- पक्षी अपने घरों (घोसलों) में लौटते हैं।
2) फलवाले- ये फल बेचते हैं।
3) खिलाड़ी - खिलाड़ी अपना खेल बंद करते हैं।
4) माँ- माँ बच्चों का इंतजार करती है और खाना बनाती है।
5) पेड़- पौधे- पेड़ - पौधे शाम को कार्बनडाई ऑक्साइड छोड़ते हैं।
6) पिता जी- पिता जी शाम को बच्चों को घुमाने ले जाते हैं ।
7) किसान - किसान खेतों से घर लौटते है।
8) बच्चे- बच्चे स्कूल का गृहकार्य करते है।

Page : 65 Block Name : कविता से आगे

Q3 हिंदी के एक प्रसिद्ध कवि सुमित्रानंदन पंत ने संध्या का वर्णन इस प्रकार किया है ।

aglasem.com

संध्या का झुटपुट-
बांसों का झुरमुट-
है चहक रही चिड़िया
टी-वी-टी -टुट्-टुट्

ऊपर दी गई कविता और सर्वेश्वर दयाल जी की कविता में आपको मुख्य अंतर क्या लगा? लिखिए ।

Answer.

दोनों कविताओ में संध्या का चित्रण किया गया है पर दोनों का ढंग अलग है

सुमित्रानंदन ने अपनी कविता में संध्या का दृश्य चिड़ियों के माध्यम से दिखाया है । वही सर्वेश्वर दयाल जी ने संध्या का दृश्य किसान के माध्यम से दिखाया है यही इन दोनों कविता में मुख्य अंतर है ।

Page : 65 Block Name : कविता से आगे

Q1 शाम के बदले यदि आपको एक कविता सुबह के बारे में लिखनी हो तो किन-किन चिजों की मदद लेकर अपनी कल्पना को व्यक्त करेंगे? नीचे दी गई कविता की पंक्तियो के आधार पर सोचिए -

पेड़ों के झुनझुने बजने लगे;

लुढ़कती आ रही है

सूरज की लाल गेंद

उठ मेरी बेटी, सुबह हो गई। -खर्वेश्वरदयाल सक्सेना

Answer.

'छात्र स्वंय करे'

Page : 65 Block Name : अनुमान और कल्पना

Q1. नीचे लिखी पंक्तियों में रेखांकित शब्दों को ध्यान से देखिए -

क) घुटनों पर पड़ी है नयी चादर-सी

ख) सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा

ग) पानी का पर्दा-सा मेरे आसपास था हिल रहा

घ) मँडराता रहता था एक मरियल-सा कुत्ता आसपास

aglasem.com

ङ) दिल है <u>छोटा-सा</u> छोटी-सी आशा

च) घास पर फुदकती नन्ही-सी चिड़िया

इन पंक्तियो में सा/सी का प्रयोग व्याकरण की दृष्टि से कैसे शब्दों के साथ हो रहा है?

Answer.

यहाँ सा - सी का प्रयोग उन शब्दों के साथ किया जा रहा है जिनकी उपमा दी जा रही है - जैसे चादर की तुलना नदी से की जा रही है।इन शब्दों का प्रयोग तुलना और समानता बताने के लिए किया गया है।

Page : 66 Block Name : भाषा की बात

Q2. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग आप किन संदर्भों मे करेंगे? प्रत्येक शब्द के लिए दो-दो वाक्य रचिए।

आँधी, दहक, सिमटा।

Answer.

1) आँधी - कल आँधी आने से बहुत सारे पेड़ टूट कर गिर गये।

मेरे मन में प्रश्नों की आंधी चल रही है।

2). दहक - जंगल में आग दहक रही है।

उमा के मन में क्रोध की अग्नि दहक रही है।

3). सिमटा - मैं अपने व्यापार को धीरे - धीरे सिमटा रहा हूँ।

वह डर गया है इसलिए घर में सिमटा बैठा है।

Page : 66 Block Name : भाषा की बात

aglasem.com